तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 14 अगस्त, 2025



12 हमारा लक्ष्य व्यवस्था परिवर्तन करना है: अग्रवाल




12 अंबाला छावनी में निकली तिरंगा यात्रा झूमे लोग



## खबर संक्षेप

### मतलौडा में करंट लगने से किसान की मौत

**इसराना।** गांव मतलौडा में किसान विजेंद्र की बिजली का करंट लगने से मौत हे गई। विजेंद्र अपने खेत से काम कर वापस घर लौट रहा था। वहीं सडक पर जलभराव था, इसके चलते विजेंद्र का पैर फिसल गया और सड़क किनारे लगे ट्रांसफॉर्मर से जा टकराया और करंट लगने से अचेत हो गया। विजेंद्र को अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद विजेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चरस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने विकास नगर रेलवे लाइन अंडर पास के नजदीक नशा तस्कर विजेंद्र उर्फ बिटटू पुत्र धर्मपाल निवासी गांव खरड़ जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को 150 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सुमित ने बताया कि आरोपी पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### अवैध शराब की तस्करी में पकड़ा, मामला दर्ज

**पानीपत।** थाना किला पुलिस टीम ने गश्त के दौरान वीर भवन चुंगी पर राजेश पुत्र अर्जुनदास निवासी मोहर सिंह चौक, कलंदर चौक क्षेत्र को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। किला थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि राजेश से शराब के 52 पव्वे, 4 अध्धे देसी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरोपी पर थाना किला में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### किराना दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने समालखा में नारायणा फाटक के नजदीक स्थित किराना दुकान में चोरी करने के आरोपी राहुल पुत्र श्रीमत निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में प्रवीन पुत्र बलवान निवासी समालखा की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बचे पांच हजार रूपए व चांदी की दो झांझर बरामद की है।

### घर में घुसकर मारपीट लाखों के आभूषण लूटे

**यमुनानगर।** सत्संग विहार कॉलोनी निवासी कांता देवी ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 अगस्त की रात को अपने पति व बच्चों के साथ घर पर सो रही थी। रात को करीब दो बजे उसके घर में बदमाश घुस गए। इस दौरान आरोपियों ने घर के दरवाजे तोड़कर घर में रखे जेवर लूट लिए। जब उसके पति व लड़के ने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी भाग गए।

चार जिलों के 11-11 पात्रों को सीएम ने सौंपे पात्रता परिणाम पत्र

# 342 गांवों के 10870 प्रजापति परिवारों को मिले पात्रता परिणाम पत्र : नायब सिंह सैनी

- पंचायतों को सशक्त करने के कार्यक्रम जारी किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र की पिपली अनाज मंडी से कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल व यमुनानगर के 342 गांवों के 10870 प्रजापति परिवारों को पात्रता परिणाम पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चारों जिलों के 11-11 पात्रों को मंच से पात्रता परिणाम पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ग्राम शामलात भूमि नियमावली 1964 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिले के 83 गांवों के 2417 पात्रों का चयन किया गया। इनमें से ठोल गांव निवासी बंत राम, जमालदीन, गुरदास, ओम प्रकाश, रामेश्वर, शुभम, मंगत राम, बलदेव सिंह, बलबीर सिंह, निर्मल सिंह, गुरचरण सिंह को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं प्रमाण पत्र सौंपे गए। इन परिवारों की पहचान परिवार पहचान पत्र के माध्यम से की गई। उन्होंने कहा कि कैथल जिले के 60 गांवों के 2498 पात्रों, करनाल जिले के 112 गांवों के 4341 पात्रों और यमुनानगर जिले के 87 गांवों में 1615 पात्रों पात्रता परिणाम पत्र वितरित किए गए हैं। गत 4 अगस्त को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों में गरीब परिवारों को प्लाट देने की योजना का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के तहत गांवों में 100 गज व महाग्राम में 50 गज का प्लाट दिए गए। अभी तक 561 गांवों में 1 लाख 58 परिवारों को प्लाट आवंटन करने प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। पात्रों का चयन परिवार पहचान पत्र के माध्यम से किया गया। चयन की प्र्क्रिया पारदर्शी है। विभाग द्वारा पंचायतों को सशक्त करने के कार्यक्रम जारी किए गए हैं। इसके तहत ग्राम पंचायत 21 लाख तक के कार्यों को करने का फैसला स्वयं ले सकती है। इसके अलावा पंचायतों की आदमनी बढ़ाने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए हैं। पंचायती जमीन की रजिस्ट्री के स्टांप शुल्क का पैसा पंचायत के खाते में जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचायत को बिजली उपभोक्ता पर ड्यूटी लगाकर खाते में पैसे भेजे जा रहे हैं। वहीं विभाग ने पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा गांवों में लाइब्रेरी, जिम, महिला चौपाल, एलईडी गली निर्माण कर रहे हैं। अभी तक 390 भवनों में जिम उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं। 250 चौपालों को महिला सशक्तिकरण के लिए तैयार किया जा चुका है। इसके अलावा फिरनियों को पक्का करने, ग्रामीण कर्मियों का मानदेय बढ़ाना, स्वयं सहायता समूह के उत्थान के लिए लखपति दीदी और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। वहीं गांवों को खुले में शौच मुक्त करने को लेकर भी अभियान चलाया जा रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** पात्रता परिणाम पत्र सौंपते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

## उमा सुधा का जाना कुशलक्षेम



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा का कुशलक्षेम पूछने के लिए ज्योति नगर में स्थित निजी आरोग्य अस्पताल में पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पिपली अनाज मंडी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पहले ज्योति नगर में एक निजी अस्पताल में नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा का कुशलक्षेम पूछने के लिए पहुंचें। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा से घटित घटना के बारे में विस्तार से बातचीत की और उन्होंने परमात्मा से नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, स्तुति सुधा से भी बातचीत की। इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, डा. अनुराग कौशल, डा. सुरेन्द्र मेहता, डा. उपासना मेहता, लक्ष्मी अरोड़ा, राजू सेठी, सरपंच रवि कुमार, सरपंच मंदीप सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# कुरुक्षेत्र पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

- दो बदमाशों को पांव में लगी गोली तो तीसरे आरोपी को किया काबू
- आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध असला बरामद किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धर पकड़ के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। मंगलवार देर रात नैशनल हाईवे पर गांव झिरबड़ी के पास अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाश पांव में गोली लगने से घायल हो गए।

तीसरे बदमाश को टीम ने सुरक्षित काबू कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पीएसआई जसबीर सिंह अपनी टीम के साथ स्वतंत्रता दिवस के सम्बन्ध में सैक्टर-2/3 कट के पास चैंकिग कर रही थी। सूचना पर पुलिस की टीम ने एनएच-44 पर झीरबड़ी के पास करनाल की तरफ सर्विस लेंन पर पहुंची, जहां एक मोटरसाइकिल पर तीन लडके दिखाई दिए। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार तीनों लड़कों की तलाशी लेने के रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायर किये। पुलिसकर्मियों ने जवाबी फायरिंग की जो एक आरोपी के बायं पैर में तथा दूसरे आरोपी के दायं पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस टीम ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों से 2 पिस्टल 32 बोर, 2 देशी कट्टे 315 बोर, 4 मैगजीन, 14 जिन्दा रौंद 32 बोर तथा 4 जिन्दा रौंद 315 बरामद हुए। घायल आरोपियों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया।

घायल आरोपियों की पहचान पंजाब के गांव चककाकी जिला कपूरथला वासी आमोश व सुनील उर्फ शिला रूप में तथा एक आरोपी शिवम वासी फरीदपुर पुण्डरी जिला करनाल के रूप में हुई। आरोपियों से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई।




**कुरुक्षेत्र।** पुलिस की गिरफ्त में हमलावर।

### छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**अंबाला।** रक्षा बंधन से एक दिन पहले महेश नगर थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। यह मामला 9 अगस्त को सामने आया था। आरोपी ने 8 अगस्त की दोपहर बाद दुष्कर्म करने का प्रयास किया था।

अगले दिन परिजनों ने थाने में शिकायत दी थी। तभी से आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते को तुरंत नागरिक अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ से मेडिकल करवाया। हालांकि प्राथमिक जांच में दुष्कर्म का प्रयास सामने आया है। पुलिस ने बच्ची की उम्र छोटी होने के कारण बाल रोग विशेषज्ञ से भी मेडिकल करवाया है।

# दो युवकों ने 10 वर्षीय बच्चे के साथ कर डाला कुकर्म

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किया छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने 10 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म किया। आरोपियों पर बच्चे को बहला फुसला कर एक सप्ताह तक गलत काम करने का आरोप है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 10 वर्षीय लड़का चार अगस्त को घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान उनके गांव के ही कार्तिक व दिपांशु उसे बहला फुसला कर अपने साथ सुनसान स्थान पर लेकर गए। जहां आरोपियों ने उसके लड़के के साथ कुकर्म किया। व्यक्ति ने बताया कि आरोपी करीब एक सप्ताह कर उसके साथ गलत काम करते रहे। उसके लड़के की तबीयत खराब होने पर जब उन्होंने पूछा तो उसने बताया कि कार्तिक व दिपांशु ने उसके साथ गलत काम किया है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# युवक पर गाड़ी चढ़ाकर किया जान से मारने का प्रयास, चार नामजद

- आरोपियों ने रॉड से हमला कर युवक की टांगे व बाजू तोड़ी, अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रंजिश के चलते चार युवकों ने गांव ससौली निवासी दीपक कुमार पर गाड़ी चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। इतना ही नहीं आरोपी युवकों ने उस पर रॉड से हमला कर उसकी टांगे व बाजू तोड़ दी। गंभीर रूप से घायल दीपक का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव ससौली निवासी दीपक कुमार ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले प्रिंस बैरागी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। दीपक ने बताया कि 11 अगस्त को शाम पौने सात बजे वह यमुनानगर किसी काम से आया था। इस दौरान आरोपी प्रिंस बैरागी ने उसे अपने दोस्तों रिदम वर्मा, बब्बु व गगन के साथ मिलकर उसे रोक लिया। आरोपियों ने उस पर गाड़ी चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे पर रॉड व सुआं से हमला कर उसकी टांगे व बाजू तोड़ दी। आरोपी उसे अधमरा कर छोड़कर मौके से फरार हो गए। उसने साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने का केस दर्ज किया है।

# हरिद्वार से मिली युवती, किडनैपिंग केस में नया मोड़

- करनाल में दिनदहाड़े घर के सामने से युवती की कथित किडनैपिंग का माम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में दिनदहाड़े घर के सामने से युवती की कथित किडनैपिंग के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोमवार देर शाम पुलिस ने युवती को हरिद्वार से बरामद कर लिया है। अब उसे करनाल लाकर मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाए जाएंगे।

पुलिस का कहना है कि बयान के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी। घटना 12 अगस्त की देर शाम की है, जब सीसीटीवी फुटेज में एक युवती को मारपीट करते हुए एक कार में डालकर ले जाते हुए दिखाया गया। युवती के पिता नरसिंह का आरोप है कि उनकी साढ़े 17 वर्ष की बेटी अंजली को जबरन उठाया गया और बाद में धमकाकर सोशल मीडिया पर वीडियो बनवाई गई। उन्होंने बताया कि अंजली की एक युवक से थोड़ी-बहुत बातचीत होती थी, लेकिन परिजनों ने इस रिश्ते का विरोध करते हुए उसकी शादी यूपी में तय कर दी थी, जो 2 नवंबर को होनी थी। पिता का कहना है कि वीडियो में दिखाई दे रही बातें दबाव में कहलवाई गई हैं। वहीं, आरोपी युवक आशू के पिता राजेश का कहना है कि अंजली और आशू का पांच साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बीते दिसंबर में अंजली उनके घर भी आई थी और शादी की बात भी हुई थी, लेकिन अंजली के परिवार ने जातिगत कारणों से शादी से इंकार कर दिया। उन्होंने माना कि उन्हें नहीं पता था कि आशू युवती को इस तरह ले जाएगा।

### युवती ने अपनी मर्जी से जाने की कही बात

मामले ने तब नया मोड़ लिया, जब किडनैपिंग के बाद अंजली ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि वह अपनी मर्जी से गई है, क्योंकि घर वाले उसकी शादी जबरन किसी और से करवाना चाहते थे। उसने यह भी दावा किया कि उसने वीडियो में मौजूद युवक से शादी कर ली है और उसके साथ जाने वाले युवक-युवतियां उसके दोस्त थे, जिन्होंने उसे केवल लेने का काम किया।

### वीडियो की पुष्टि

सदर चौकी प्रभारी सतीश कुमार ने स्पष्ट किया कि पुलिस के पास युवती की शादी का कोई ठोस प्रमाण नहीं है और न ही सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो की अभी पुष्टि हुई है। फिलहाल युवती के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है और उसी के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित

# बरसाती नदियों के किनारे बनाएं रिजर्व वायर : धूमन

- हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड़ के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने की। उन्होंने अधिकारियों को जिला में बहने वाली बरसाती नदियों के किनारे जहां पर पंचायती भूमि है उन स्थानों पर रिजर्व वायर बनाए जाने के निर्देश दिए।

सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड़ के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि कहा कि रिजर्व वायर बनाने से वाटर रिचार्ज से जमीन का जल स्तर बढ़ेगा। जिससे लोगों को पीने के पानी व सिंचाई के लिए पानी की समस्या नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार किसान व नदी की हितैषी सरकार है। किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरस्वती नदी में कार्य तेजी से चल रहा है। डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि मौजूदा सरकार के समय में सरस्वती नदी में करीब 400 किलोमीटर में पानी चल रहा है। जिससे किसानों के आस पास के इलाके में रिचार्जिंग बढ़ रही है और किसानों को बहुत बड़ा फायदा हो रहा है। हमारा उद्देश्य है इस क्षेत्र के पानी को रिचार्ज में ज्यादा से ज्यादा लाया जाए । उसके ऊपर काम और तेजी से किया जा रहा है। लोगों का सहयोग हमारे लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे मुगलवाली व छल्लौर में रिजर्व वायर बनाया गया है। सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने कहा कि राक्षी नदी व सोम पथराला नदियों के किनारे पंचायती भूमि पर रिजर्व वायर बनाने के लिए पंचायती जमीन को चिन्हित किया जाए। उन्होंने सोम व पथराला नदियों से डिशेल्टिंग करवाने के लिए सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के सदस्य मुकेश गर्ग, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, जगाधरी एसडीएम विश्वनाथ, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता आरएस मित्तल, सरस्वती बोर्ड के अधीक्षक अभियंता अरविंद कौशिक, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेन्द्र कुमार, विजय गर्ग, विनोद कुमार, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता लव कुमार आदि मौजूद रहे।

### ट्रामाडोल के 1248 कैप्सूलों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की अंबाला यूनिट ने 1248 ट्रामाडोल कैप्सूलों सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने बताया कि निरीक्षक महरूफ़ अली अपनी टीम के साथ थाना बलदेव नगर के अंतर्गत कालका पुल क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि मोटर मार्केट, बाबा हीरानगर, अंबाला शहर का रहने वाला एक युवक नशीले कैप्सूल की सप्लाई करने आ रहा है। सूचना पर तपुलिस टीम ने बाबा हीरानगर में आरा मशीन वाली गली के पास नाकाबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। उसकी पहचान रॉकी के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 1248 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना बलदेव नगर में एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मीट शॉप्स के ताले तोड़ने पर 9 दुकानदारों पर केस

- मन्दिर के पास मीट की दुकानों पर प्रशासन ने जड़े थे ताले
- अधिकारियों के वापस जाते ही दुकानदारों ने ताले तोड़ डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अमीन रोड पर गत दिवस पुलिस प्रशासन द्वारा बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर अमित चौधरी की मौजूदगी में नगर परिषद थानेसर के अधीन खेड़ी रामनगर में खुली मीट की दुकानों को ताला लगाकर बंद किया गया था लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद कुछ दुकानदारों ने दुकान पर लगे ताले तोड़ दिए।

इस संदर्भ में पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर अमित चौधरी की शिकायत पर 9 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वार्ड 24 की पार्षद पूजा व खेड़ी राम नगर के निवासियों की ओर से 27 जून को खंड कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें लिखा गया था कि ब्रह्मा मन्दिर के पास गांव खेडी रामनगर में काफी मीट मछली, मुर्गा की दुकानें चल रही है। यह ऐरिया नगर परिषद थानेसर के अधीन पडता है व यह स्थान धार्मिक होने पर भी मीट मांस की दुकाने चल रही है जिसकी वजह से आस पास के लोगों व कलोनी वासियों को रहन बडा मुश्किल हो गया है और मीट मांस की वजह से गन्दगी व मक्खियां पनप रही है तथा जगह जगह गन्दगी का आलम हो गया है जिससे मुख्य सडक अमीन रोड तथा कलोनी के रास्ते लगते है जिससे वहां रहने वाले आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे अनिल विज

# परिवहन एवं श्रम मंत्री करेंगे यमुनानगर में ध्वजारोहण

■ उपायुक्त ने किया फुल ड्रैस रिहर्सल का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर नई अनाजमंडी में बुधवार को फुल ड्रैस रिहर्सल करवाई गई। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने परेड की सलामी ली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे तथा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इससे पूर्व श्रम मंत्री पुलिस लाईन स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं तथा समारोह के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को अच्छी तरह से निभाएं और सभी अधिकारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह की फुल ड्रैस रिहर्सल का अवलोकन कर परेड की सलामी ली।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मार्च पास्ट का नेतृत्व डीएसपी राजीव मिगलानी करेंगे तथा मार्च पास्ट में पुलिस की पहली टुकड़ी (पुरूष) का नेतृत्व पीएसआई अजय कुमार, पुलिस की दूसरी टुकड़ी (महिला) का नेतृत्व पीएसआई रूचि, होमगार्ड की टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटुन कमान्डर एसआई रणधीर सिंह, 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी जूनियर डिविजन टुकड़ी (लडके) का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर नितिन, 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी जूनियर विंग टुकड़ी (लड़कियां) का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर मुस्कान, भारत स्काउट्स टुकड़ी का नेतृत्व स्काउट लीडर रिपू दमन, भारत गाईड टुकड़ी का नेतृत्व गाईड लीडर कुमारी शिवानी, प्रजातंत्र के पहरी टुकड़ी का नेतृत्व कुमारी हंसिका तथा गुर्जर कन्या विद्या मंदिर देवधर बैण्ड का नेतृत्व कुमारी जाहन्वी करेगी।

उपायुक्त ने बताया कि उपमंडल स्तर पर छछरौली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, व्यासपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश चंद ठसका, रादौर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

उन्होंने बताया कि उपमण्डल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों की भी पूर्ण रूप से तैयारियां कर ली गई है और इस दिशा में सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक प्रबंध किए गए है। मंच संचालक बालकुंज छछरौली के पीओ दीपक कुमार मंथन ने किया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहुजा, जगाधरी के उपमंडलाधीश विश्वनाथ, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी, डीआईपीआरओ डॉ.मनोज कुमार, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता आदि मौजूद थे।





यमुनानगर। नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परेड की सलामी लेते उपायुक्त व कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित प्रार्थना सभा में नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए स्कूल के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों ने ली नशा न करने की शपथ

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने जीवन में नशा न करने की शपथ ली। प्रार्थना सभा में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने भगवान को साक्षी मानकर जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ ली। साथ ही अपने परिजनों, रिश्तेदारों व आम जन समुदाय को भी नशा न करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाया गया नशा मुक्त भारत अभियान बहुत ही सराहनीय है। क्योंकि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। यदि हम इन्हें सहेज कर चलेंगे तो भविष्य में भी इसके हमें बहुत ही बेहतर परिणाम मिलेंगे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा एक ऐसी बीमारी है जो सिर्फ हमें ही नहीं बल्कि हमारे साथ साथ हमारे परिवार व समाज के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए हमें कभी भी किसी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए और दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने शपथ लेने वाले बच्चों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाने का प्रयास करें ताकि वे समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन सकें।

## स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध

■ न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रा दिवस के उपलक्ष में आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में बुधवार को शहर के चांदपुर स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों ने देश भक्ति के गीतों, जयघोष व तिरंगा हाथों में लेक पूरे स्कूल का वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने किया।

स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि बुधवार को पूरा विद्यालय परिसर तिरंगे के केसरिया, हरे और सफेद रंग में सजाया गया। इस दौरान विद्यार्थी पारंपरिक परिधान पहनकर स्कूल में पहुंचे। मौके पर बच्चों ने विभिन्न देश भक्ति से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को देश भक्ति के रंग में रंग दिया। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण रोल प्ले गतिविधि रही। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों के कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए सराहना की। मौके पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सच्चा देशभक्ति भाव तभी है जब हम समाज में सकारात्मक योगदान दें।



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता समारोह के लिए रादौर में आयोजित हुई फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

■ एसडीएम रादौर ने ध्वजा रोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया अवलोकन

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर में आयोजित किए जाने वाले उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बुधवार को कस्बा की अनाज मंडी में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में एसडीएम नरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के साथ ही पूरे परिसर में देशभक्ति के नारों की गूंज सुनाई दी। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुधवार को रादौर की अनाज मंडी मे उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता समारोह के लिए बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया देशभक्ति नृत्य में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और बलिदान को मंच पर जीवंत किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा और तालियों की गडगड़ाहट ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह ने अधिकारियों व स्कूल के प्राध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य बनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर लें। इस अवसर पर रादौर के डीएसपी आशीष चौधरी, रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार, बापा स्कूल के प्रिंसीपल सुभाष चंद और रादौर स्कूल के प्रिंसीपल सुभाष चंद्र, पीटीआई राकेश पांचाल व पवन कुमार आदि मौजूद रहे।





यमुनानगर। रादौर में आयोजित होने वाले उपमंडलस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फाइनल फुल ड्रेस रिहर्सल करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि



यमुनानगर। रादौर में इनेलो कार्यकर्ता सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए हल्का प्रधान सर्वप्रिय जठलाना व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## इनेलो पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन रादौर में 17 को होगा आयोजित

**रादौर।** इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 17 अगस्त को रादौर के सफल पैलेस में किया जाएगा। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। इनेलो रादौर के हल्का प्रधान सर्वप्रिय जठलाना ने बताया कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में नई चेतना का संचार करेंगे। वह कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व योजनाओं से अवगत करवाएंगे। उन्होंने रादौर क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के विचार सुनने की अपील की।

## पैक्स केंद्र उन्हेड़ी के दस निदेशकों का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

■ नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन बीस उम्मीदवारों में से दस ने वापस लिया अपना नामांकन

**रादौर।** जठलाना क्षेत्र के उन्हेड़ी पैक्स केंद्र के निदेशक मंडल के चुनाव में दस निदेशकों को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। इस दौरान चुनाव मैदान में बीस उम्मीदवार थे। मगर नामांकन वापसी के दिन आज दस उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया और शेष रहे दस उम्मीदवारों को निदेशक निर्वाचित घोषित कर दिया गया। पैक्स केंद्र उन्हेडी के सचिव प्रताप सिंह पुंडीर ने बताया कि पैक्स केंद्र उन्हेड़ी में निदेशक मंडल के लिए मतदान 24 अगस्त को होना था। इस चुनाव में बीस उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। मगर आज नामांकन वापसी के दिन दस उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद शेष बचे दस उम्मीदवारों को निदेशक पद के लिए निर्वाचित घोषित कर दिया। सहायक रजिस्ट्रार गगनदीप सिंह को चुनाव में पीठासीन अधिकारी तौर पर तैनात किया गया था। सचिव प्रताप सिंह पुंडीर ने बताया कि सर्वसम्मति से जिन निदेशकों को निर्वाचित घोषित किया गया है। उनमें रानी देवी, प्रवेश रानी, विनोद कुमार, जगपाल सिंह,बबीता रानी, नीरज कुमार,नन्हाराम, करनैल सिंह व विकास पुंडीर उन्हेड़ी और ओमपाल सिंह मारुपुर को निर्वाचित किया गया है। नवनिर्वाचित निदेशक अब पैक्स केंद्र के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को चुनने का कार्य करेंगे।

## वाद-विवाद स्पर्धा में एकमप्रीत सिंह वाधवा प्रथम

■ दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में भारत मानक ब्यूरो विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मानकों, गुणवत्ता और जागरूकता से जुड़े विषयों पर धारा प्रवाह वाद विवाद कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में मानक संवर्धन यमुनानगर शाखा की अधिकारी आरती चौधरी ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

वाद विवाद प्रतियोगिता में एकमप्रीत सिंह वाधवा ने प्रथम, नैतिक सिंगला ने द्वितीय व अशमीत कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। मुख्यातिथि आरती चौधरी ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत एक राष्ट्रीय मानक संस्था है। जो उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकीकरण को बढ़ावा देती है। यह संस्था उद्योग, उपभोक्ताओं और समाज के लिए भरोसेमंद मानक विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन राम निवास गर्ग व प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने की कला सिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा बीआईएस क्लब के अंतर्गत समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगें। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में मानकों और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी विजेताओं व अतिथियों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

## चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी और आभूषण

**यमुनानगर।** जगाधरी की विश्वकर्मा कॉलोनी में चोरों ने रात को एक घर में घुसकर 35 हजार रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। जब परिवार के सदस्य जागे तो उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी गुरप्रीत सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात 10 बजे खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ घर पर सो गया था। रात करीब पौने तीन बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर अलमारी खुली पड़ी थी। अलमारी से 35 हजार रुपये और सोने की अंगूठी गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

***चोरों ने चुराया युवक का बैग:*** गांव खानपुर राजपुतान निवासी शुभम ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह यमुनानगर किसी काम से आया था। उसके पास बैग था। जिसमें 70 हजार रुपये, लैपटॉप व जरूरी दस्तावेज थे। वह हुड्डा सेक्टर 17 की मार्किट में बैग साइड में रखकर काम करने लगा। इस दौरान अज्ञात ने उसका बैग चोरी कर लिया। उसने बैग की काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। उसने बैग चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवकों ने घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवकों ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी युवकों ने उसके साथ मारपीट की, कपड़े फाड़े व जबरदस्ती करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी 38 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 28 जुलाई को दोपहर दो बजे घर पर काम कर रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही पिंचु, नोटी, मन्नु, अमित, जादू, हरमन व इशु उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते आते ही उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, उसके कपड़े फाड़ दिए तथा उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## श्रेपिड रिवीजन प्रोग्राम समीक्षा कार्यक्रम स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए साबित होगा वरदान: ग्रोवर

■ डीएवी डेंटल कॉलेज में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रस्तरीय श्रेपिड रिवीजन प्रोग्रामश समीक्षा 6 .0 कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

भारतीय सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी के तत्वावधान में जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रस्तरीय श्रेपिड रिवीजन प्रोग्रामश समीक्षा 6.0 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समीक्षा कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भारतीय सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचएस ग्रोवर ने भाग लिया। जबकि इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कालेज विभागाध्यक्ष डॉक्टर निम्फिया पंडित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्रोफेसर शालिनी व डॉ. दीपिका भी मौजूद रही। मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एचएस ग्रोवर ने कहा कि कार्यक्रम अंतिम वर्ष के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। इस कार्यक्रम में देश भर से आए विशेषज्ञ अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत करवाएंगे।

विशेषज्ञों का अनुभव जहां विद्यार्थियों को फाइनल परीक्षा में मदद देगा। वहीं, शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब यह विद्यार्थी प्रैक्टिस करेंगे तो उसमें भी इन्हें भारी लाभ होगा। उन्होंने डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉलेज टीम की कड़ी मेहनत के कारण ही यह कार्यक्रम हर साल सफल हो पा रहा है।

मौक पर मेजबान डीएवी डेंटल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉक्टर आईके पंडित ने मुख्यातिथि समेत सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न कॉलेजों के 100 से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं । उन्होंने कहा कि इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटिक्स ने राष्ट्रस्तरीय इस कार्यक्रम के लिए लगातार छठी बार उनके कॉलेज को चुना गया है। प्रिंसीपल डॉ. आईके पंडित ने बताया कि कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, दिल्ली व नोएडा आदि के 28 डेंटल कॉलेजों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। वहीं, कार्यक्रम में देश भर के 26 विशेषज्ञ पेरियोडोंटोलॉजी और ओरल इम्प्लांटोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को तीन दिवसीय कार्यक्रम में अपना व्याख्यान देंगे।

कार्यक्रम में आईएसपी महासचिव डॉ.आशीष जैन, डॉ. पुनीत सिंह, हरियाणा राज्य प्रतिनिधि और ईसी सदस्य डॉ. शिवा मंजूनाथ, प्रो. आरआईएमएस रांची, डॉ. राजन गुप्ता, प्रिंसीपल एचपीडीसी पावंटा साहिब डॉ. मनीष खत्री, प्रोफेसर आईडीएसटी मुरादनगर डॉ. सचेतानंद अरोड़ा, प्रिंसिपल आईटीएस ग्रेटर नोएडा डॉ. शिप्रा गुप्ता आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। डीएवी डेंटल कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते हुए अतिथि। फोटो: हरिभूमि



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शपथ ग्रहण करते छात्र व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा तिरंगा अभियान के तहत नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीसीए, बीबीए तथा इंजीनियरिंग संकाय के प्रथम वर्ष के करीब 400 विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने और दूसरों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरुक करने की शपथ ली।

संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में जहां विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने और नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। वहीं, हर घर तिरंगा फहराने के लिए आहवान किया गया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश भारत की एक प्राचीन विरासत है। जिसकी आन, बान और शान के लिए वतन के मतवालों ने हंसते हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस अवसर पर डॉ. एलएस रीन,डॉ. वंदना, डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. नवदीप, राहुल शर्मा व अनुजा गोयल आदि मौजूद रहे।

# आईटीआई उमरी में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस महोत्सव का आयोजन



कुरुक्षेत्र। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का आयोजन वीना गर्ग, वर्ग अनुदेशिका की अध्यक्षता में किया गया और युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता विभाग, पंचकूला के पूर्व सहायक निदेशक रणजीत सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी वाकपटुता का प्रदर्शन किया और युवा सशक्तिकरण और विकास पर अपने विचार साझा किए। महोत्सव एक बड़ी सफलता थी, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुए।इस मौके पर सुरेंद्र शर्मा, कर्मचंद, रामकुमार, जगबीर सिंह, युवराज शर्मा, रचना राणा, सपना सैनी, रवि कश्यप वो अन्य स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र में कांग्रेस ने पूर्व विधायक मेवा सिंह को बनाया जिलाध्यक्ष

- हुड्डा के नजदीकी हैं मेवा सिंह, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तालमेल अच्छा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में कांग्रेस ने पूर्व विधायक मेवा सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया है। मेवा सिंह करीब डेढ़ दशक से कांग्रेस में है। वे लाडवा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट पर 2 बार चुनाव लड़ चुके हैं। वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीब हैं। खास बात यह है कि मेवा सिंह यूं तो हुड्डा के नजदीकी हैं लेकिन दूसरे गुटों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी उनका तालमेल अच्छा है। मेवा सिंह ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। जानकारी के अनुसार मेवा सिंह ने एमएलए का अपना पहला चुनाव भाजपा की टिकट पर लाडवा विस क्षेत्र से साल 2009 में लड़ा था। हालांकि इस चुनाव में उनको इनेलो के शेर सिंह बड़शामी से हार मिली थी। इस चुनाव के करीब 2 साल बाद वे कांग्रेस में चले गए थे। मेवा सिंह से पहले जयभगवान शर्मा डीडी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष थे, मगर अभी डीडी शर्मा भाजपा में है। कांग्रेस ने साल 2019 में लाडवा विधानसभा क्षेत्र से मेवा सिंह पर दांव खेला था। इस चुनाव में मेवा सिंह कुरुक्षेत्र की 4 विधानसभा सीट थानेसर, पिहोवा व शाहाबाद में अकेले लाडवा सीट पर कांग्रेसी विधायक रहे। हालांकि शाहाबाद के विधायक रामकरण काला भी गैर भाजपाई थे, मगर उन्होंने कांग्रेस को छोड़कर जजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने लाडवा सीट पर मेवा सिंह पर भरोसा जताया था, मगर इस सीट पर उनका मुकाबला सीएम नायब सैनी के साथ था। इस चुनाव में उनको 16054 वोट से हार मिली थी।

### जिला परिषद के मैंबर भी रह चुके

मेवा सिंह ने इनेलो पार्टी से अपने राजनैतिक करियर की शुरूआत की। विधायक तक का उनका सफर उनके गांव रत्न डेरा से शुरू हुआ। वे पहली बार अपने गांव के सरपंच बने। सरपंच पद पर रहते हुए ब्लॉक समिति मेंबर भी बने। इसके बाद वे जिला परिषद के सदस्य भी रहे। इनेलो में वे जिला परिषद के उपाध्यक्ष और बाद में अध्यक्ष भी बने।

### लंबे समय से राजनीति में सक्रिय


मेवा सिंह

पूर्व विधायक मेवा सिंह का राजनैतिक करियर काफी लंबा रहा है। इनेलो और भाजपा से भी उनका पुराना नाता रहा है। दूसरा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा से उनकी पुरानी जान-पहचान है। दोनों इनेलो में एकसाथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा पिहोवा में मनदीप सिंह चट्ठा और शाहाबाद में रामकरण काला कांग्रेस के विधायक है। सिर्फ लाडवा में कांग्रेस को मजबूत पक्ष की तलाश थी। इसलिए कुरुक्षेत्र जिले में कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताकर जिलाध्यक्ष बनाया है।

## खबर संक्षेप



### एडीआर सेंटर में कार्यक्रम का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरूक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा, एडीआर सेंटर में नालसा आशा स्कीम की युनिट के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती बलजीत कौर द्वारा आशा युनिट के सदस्यों को इस स्कीम की विस्तार से जानकारी दी गई।

### एनसीसी कैडेटस ने निकाली तिरंगा यात्रा



कुरुक्षेत्र। हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भगवान परशु राम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में एन.सी.सी. कैडेटस द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को कॉलेज के प्राचार्य शीश पाल द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शीश पाल ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की शान है और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हमें हर घर में तिरंगा फहराना चाहिए।

### अनाज मंडी पिपली में आज होगी फुल ड्रेस रिहर्सल

कुरुक्षेत्र। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पिपली अनाज मंडी में 14 अगस्त को सुबह 9 बजे फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त महावीर प्रसाद परेड की सलामी लेंगी। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। रिर्हसल में जिला प्रशासन के सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, पुलिस जवान द्वारा परेड की जाएगी व सलामी दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा।

## श्रीकृष्ण आयुष विवि में देह दान जागृति एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# मृत्यु अंत नहीं, यह तो केवल शरीर की समाप्ति है : ज्ञानानंद

*महादानियों को फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिवादन किया और शपथ दिलाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। देह दान का संकल्प दिलाते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि जो कुछ भी दिया जाता है, वह किसी न किसी रूप में कई गणित करके वापस लौटता है। मृत्यु जीवन का अंत नहीं, बल्कि केवल शरीर की समाप्ति है। मृत्यु के बाद भी जीवन रहता है। मानव जन्म के साथ शरीर तो साथ लेकर आता है, लेकिन जब विदाई का समय आता है तो जीवनभर की संचित संपदा यहीं छोड़कर जाना पड़ता है, शरीर भी साथ नहीं जाता। स्वामी ज्ञानानंद जी श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर रचना शारीर विभाग एवं श्री दधिची देह दान समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ह्यदेह दान जागृति एवं शपथ ग्रहण समारोहह्न में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देहदान एक महान संकल्प है, जो दूसरों को नया जीवन देने का मार्ग खोलता है। उन्होंने इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय और गीता ज्ञानम संस्थान के बीच गीता और आयुर्वेद विषय पर टडव करने का भी सुझाव दिया, ताकि समाज को आध्यात्मिक और स्वास्थ्य दोनों दृष्टियों से लाभ मिल सके। इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने देह दान का संकल्प लेने वाले महादानियों को फूल मालाएं पहना उनका अभिवादन किया और शपथ दिलाई।

### इन्होंने लिया देहदान का संकल्प

श्री दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष अशोक रोशा, संरक्षक जगमोहन बंसल, एमके मौद्गिल, शिक्षाविद रमेश दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज सेतिया, रामचंद्र सैनी, जीतेंद्र मास्टर, वीके सिंगला, विनोद जोतवाल, डीपी महावीर, दीपक गिल, कैलाश गोयल, अमित शर्मा, अनु मालियान, बृज लाल धीमान, चंद्रशेखर अत्रे, दीपक गिल, डॉ. सुतेंद्र गौड़, कमलेश धीमान, जयप्रकाश पांवर, कैलाश गोयल, डीपी मिथुन, प्रेम मेहता, राजेंद्र धीमान, लाला नितेश मंगल, डॉ. कृष्ण मलिक, रामपाल कारगिल योद्धा, रविंद्र अग्रवाल, विनोद जोतवाल, वीरेंद्र वर्मा, नाथी राम गुप्ता समेत अन्य ने देह दान का संकल्प लिया।

### देहदान समाज सेवा का सर्वोच्च स्वरूप : कुलपति

*कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने देहदान का संकल्प लेने वाले सभी समाजसेवियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब-जब समाज में आवश्यकता या समस्या आई है,हमारे ऋषि-मुनियों ने उसका समाधान किया है। जब इंद्र देवता पर विपत्ति आई थी, तब महर्षि दधीचि ने अपने प्राणों का बलिदान देकर निवारण किया। इसी प्रकार, मेडिकल कॉलेजों के सामने सबसे बड़ी समस्या थी कि शिक्षा और शोध के लिए देह की व्यवस्था कैसे हो। इस कमी को पूरा करने के लिए संस्थाओं और समाजसेवियों ने आगे बढ़कर देहदान का संकल्प लिया। इससे पहले आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो.आशीष मेहता ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इंदिरा गांधी महाविद्यालय लाडवा से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ.हरि प्रकाश शर्मा ने देश हमें देता है सब कुछ..., हम भी तो कुछ देना सीखे..., गीत सुनाया। रचना शारीर विभाग के अध्यक्ष प्रो. सतीश वत्स ने देहदान की प्रक्रिया और निस्तारण की प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.राजा सिंगला, प्रो. पीसी मंगल, प्रो. शीतल सिंगला, प्रो. नीलम कुमारी, प्रो.शुभा कौशल, डॉ. सुधीर मलिक, प्रो. रणधीर सिंह, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, डॉ. आशीष नांदल व डॉ.प्रीति गहलावत, उपकुलसचिव विकाश शर्मा समेत अन्य शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, यह विश्व के लिए जीवन का मार्गदर्शकः ज्ञानानंद

### अनाज मंडी पिहोवा में गीता सत्संग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी पिहोवा में दिव्य गीता सत्संग का प्रथम दिवस भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रीमद्भागवत गीता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह उन्होंने कहा कि आज का समय तनाव, द्वेष और अशांति से भरा हुआ है। ऐसे में गीता का ज्ञान न केवल व्यक्तिगत जीवन को सार्थक बनाता है, बल्कि समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना का संचार करता है। महाराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि हमारे पड़ोसी देश, जो भारत के प्रति द्वेष रखते हैं, वहां भी गीता का संदेश पहुंचे तो शत्रुता समाप्त होकर शांति स्थापित हो सकती है। अशांति में शांति की आवाज है गीता, यह मानवता और प्रेम का मधुर संगीत है। उन्होंने कहा कि यदि विश्व को शांति और सद्भाव की आवश्यकता है, तो उसकी पूर्ति केवल गीता ज्ञान से ही संभव है। सत्संग का शुभारंभ सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री श्याम सिंह राणा, नगर पालिका अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, अनाज मंडी प्रधान नवीन गर्ग, समाजसेवी इंद्र सिंगला एवं ओमप्रकाश गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीश सैनी, महेश तलवार और प्रिंस गर्ग ने गीता पूजन में भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मंत्री श्याम सिंह राणा और वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री कृष्ण बेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जो गीता का उपदेश अर्जुन को दिया था, उसकी प्रेरणाओं को जन-जन तक, घर-घर तक पहुंचाने के लिए महाराज श्री बधाई के पात्र हैं।

# हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसो. को हरियाणा ओलंपिक एसो. की एसोसिएट सदस्यता प्राप्त

- जिला योग एवं प्रकृति चिकित्सा संवर्धन समिति के मानद सचिव गुलशन कुमार ग्रोवर ने किया निर्णय का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योगासन खेल जगत के लिए आज का दिन एक ऐतिहासिक और उपलब्धि का दिन है । 13 अगस्त 2025 को हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा एसोसिएट सदस्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता योगासन को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक और भविष्य की ओर अग्रसर खेल के रूप में राज्य में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्धन समिति के मानद सचिव गुलशन कुमार ग्रोवर ने हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए हरियाणा योगासन खेल संघ के सभी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की है और प्रसन्नता व्यक्त की है कि इससे हरियाणा प्रदेश में योगासन खेल को बढ़ावा मिलेगा। अब हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के संरचनात्मक ढांचे में सम्मिलित होकर राज्य स्तरीय ओलंपिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अधिकारी बन गया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीनू बैनीवाल ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा राज्य में योगासन खेल के निरंतर विकास, खिलाड़ियों के समर्पण, प्रशिक्षकों की मेहनत और संगठन की प्रतिबद्धता का परिणाम है। अब श्रद्धेय स्वामी रामदेव महाराज के निर्देशन में कार्यरतश्र धर्मदेव विद्यार्थी एवं डॉ जयदीप आर्य के नेतृत्व वाली हरियाणा योगासन खेल संघ, राज्य स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में आधिकारिक रूप से भाग ले सकेगी और योगासन खिलाड़ियों को नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे।

# मीट की दुकानों पर ताले तोड़ने पर 9 दुकानदारों पर मामला दर्ज

कुरुक्षेत्र। अमीन रोड पर गत दिवस पुलिस प्रशासन द्वारा बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर अमित चौधरी की मौजूदगी में नगर परिषद थानेसर के अधीन खेड़ी रामनगर में खुली मीट की दुकानों को ताला लगाकर बंद किया गया था लेकिन प्रशासनिक अधिकारियोंके जाने के बाद कुछ दुकानदारों ने दुकान पर लगे ताले तोड़ दिए। इस संदर्भ में पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर अमित चौधरी की शिकायत पर 9 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया गया है कि वार्ड 24 की पार्षद पूजा व खेड़ी राम नगर के निवासियों की ओर से 27 जून को खंड कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें लिखा गया था कि ब्रह्मा मन्दिर के पास गांव खेडी रामनगर में काफी मीट मछली, मुर्गा की दुकाने चल रही है। यह ऐरिया नगर परिषद थानेसर के अधीन पडता है व यह स्थान धार्मिक होने पर भी मीट मांस की दुकाने चल रही है जिसकी वजह से आस पास के लोगों व कलोनी वासियों को रहन बडा मुश्किल हो गया है और मीट मांस की वजह से गन्दगी व मक्खियां पनप रही है तथा जगह जगह गन्दगी का आलम हो गया है।

# 31 अगस्त तक लाडवा शहर बेसहारा गोवंश से मुक्त होगा : साक्षी खुराना

- गोवंशों को पकड़कर गोशाला में भेजा जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा


लाडवा। सडकों पर घूम रहे गोवंश को गोशाला पहुंचाते गो पुत्र सेना की टीम।

लाडवा नपा प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि लाडवा शहर में घूम रहे बेसहारा व लाचार गोवंश को पकडकर गोशाला में पहुंचवाया जा रहा है। इसके लिए लाडवा की गो पुत्र सेना प्रतिदिन शहर में घूम रहे गोवंश को पकड़ कर गोशाला पहुंचा रही है। अब तक करीब 24 गौवंश को पकडकर गौशाला पहुंचाया जा चुका है। साक्षी खुराना बुधवार को नपा कार्यालय में पत्रकारों को जानकारी दे रही थी। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त तक लाडवा शहर गोवंश से मुक्त होगा। सभी गोवंश को जो सड़कों पर घूम रही है उन्हें लाडवा व मथाना गोशाला में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने पशुपालकों से भी अपील करते हुए कहा कि दुधारू पशुओं को बेसहारा सडकों पर न छोड़े अगर पालतू पशु सडकों पर बेसहारा पाए गए तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौ पुत्र सेना के प्रधान राहुल आहुजा ने बताया कि लाडवा शहर को सडकों पर घूम रहे गोवंश से मुक्त करने के लिए उनकी टीम लगातार कार्य कर रही है। अब तक उनकी टीम द्वारा करीब 24 गोवंश को पकडकर गोशालाओं में पहुंचाया जा चुका है। बकाया जो भी गोवंश शहर में सडकों पर घूम रहे है उनको भी जल्द ही पकडकर गोशाला पहुंचाया जाएगा, ताकि इन गौवंश से कोई सडक हादसा न हो सके। उन्होंने बताया कि उनकी टीम में उनके साथ रवि कश्यप, शिवम, सुमित, राजेश, सुमित गोयल, विशाल मेहता, विकास मुख्य रूप से कार्य कर रहे है।

# भक्ति के लिए सबसे अच्छा समय पांच साल की आयु : साक्षी

कुरुक्षेत्र। इस्कॉन के श्रीकृष्ण अर्जुन मन्दिर ज्योतिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में श्रीमान साक्षी गोपाल दास प्रभुजी अध्यक्ष इस्कॉन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जी अर्जुन को बता रहे है कि मेरे अलावा आप जिसकी भी पूजा करोगे तो आपको इसी संसार में रहना पड़ेगा। जो एक बार मेरे धाम वैकुंठ में चला जाता है उसके बाद दुबारा वापिस इस संसार में नहीं आना पड़ता। जिसको अपना आवागमन के चक्कर से छुटकारा पाना है तो उसे गोविंद का भजन करना ही पड़ेगा। ये कुंती पुत्र अर्जुन तुम घोषणा कर दो कि मेरे भक्त का कभी नाश नहीं होता। जिसको भगवान को प्राप्त करना है उसे अपने अंदर सतोगुण को प्रकट करना चाहिए इस से उकसे अंदर भगवान के प्रति प्रेम पैदा होता है।रजोगुण और तमोगुण का त्याग करना चाहिए। और इनको त्यागने का एक ही उपाय है कि इस संसार मेरा कुछ नहीं है जो कुछ भी है सब भगवान का दिया हुआ है। ये जो भौतिक संसार है यह जन्म मृत्यु जरा व्याधि का भव सागर है। इस भक्ति का अनुसरण बाल्यावस्था में होने चाहिए। भक्ति के लिए सबसे अच्छा समय पांच साल की आयु है।



# भाषण प्रतियोगिता में सुहानी प्रथम

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौड़ा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग, हरियाणा की ओर से जिला कल्याण अधिकारी कुमारी दीपिका और सविता मदान समाजसेविका के द्वारा वच्चों को सरकार की कल्याणकारी नीतियों के प्रति जागरूक किया गया। कुमारी दीपिका ने अस्पृश्यता विषय पर विस्तार से चर्चा की। दीपिका ने विभाग दवारा चलाई जा रही अनेक कल्याण कारी योजनाओं के विषय में बच्चों को अवगत कराया। जिन योजनाओं का लाभ उठाकर बच्चे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। बच्चों में जागरूकता के निमित्त आज भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निबंध लेखन बिधा में बारहवीं कक्षा की छात्रा वशिष्टा ने प्रथम, ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा महक ने द्वितीय व वारहवीं कक्षा की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बारहवीं कक्षा की छात्रा सुहानी ने प्रथम, संजना ने द्वितीय व ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार जी ने विद्यालय पहुँचने पर कुमारी दीपिका व कुमारी सविता मदान जी का हार्दिक अभिनंदन किया व बच्चों को जागृत व जागरूक करने के लिए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** | मटकी डेकोरेशन प्रतियोगिता में बच्चो ने भाग लेकर अपने उत्साह को दर्शाया

# नवयुग स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व, बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मोहा मन

*कृष्ण जन्माष्टमी को जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता : बी डी गाबा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में अध्यापिका स्नेह ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा स्तर पर आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थी राधा तथा कृष्ण के परंपरागत परिधान पहन कर आए। कक्षा प्रथम से पंचम के विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण को झूला झुलाया तथा नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा षष्ठम के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसका शीर्षक श्री कृष्ण लीला रहा, इसे देखकर सभी भाव विभोर हो गए।इसके साथ ही उन्होंने लीलाधर की लीला, कान्हा सुन ले जरा जैसे गीतों पर समूह नृत्य तथा एकल नृत्य भी प्रस्तुत किया जिसने सभी के मन को आनंद से भर दिया।कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने दही हांडी का खेल भी प्रस्तुत किया। कक्षा नवम से द्वादश के विद्यार्थियों ने मटकी डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने उत्साह को दशार्या। सभी विजेताओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।सभी नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने कृष्ण जी को झूला झुलाया और माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी,अध्यापिका मंजीत, सीमा, नैंसी, परमज्योति, नीतू ,रिहाना, सोनिया,रजनी, पूनम, अंजलि, आशा, कल्पना, तिलेशा,गीता,मधु,स्नेह, रेनू अध्यापक जसमेर, शक्ति प्रकाश, अंकित, गुलशन सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### जन्माष्टमी पर्व का महत्व बताया

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी, जिसे जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिये मनाया जाता है। कृष्ण का जन्म अराजकता के क्षेत्र में हुआ था। यह एक ऐसा समय था जब उत्पीड़न बड़े पैमाने पर था, स्वतंत्रता से वंचित किया गया था, बुराई सब ओर थी, और जब उनके मामा राजा कंस द्वारा उनके जीवन के लिए संकट था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर लोगों द्वारा उपवास रखकर, कृष्ण प्रेम के भक्ति गीत गाकर और रात्रि में जागरण करके मनाई जाती है।महिलाएं अपने घर के द्वार और रसोई के बाहर छोटे-छोटे पैरों के चिन्ह बनाती हैं जो अपने घर की ओर चलते हुए, अपने घरों में श्रीकृष्ण जी के आने का प्रतीक माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### बहाली को लेकर बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अंबाला।** लिपिक गुरविंदर की बहाली को लेकर बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को चार घंटे तक आंदोलन किया। इस दौरान किसी भी उपभोक्ता का कोई कार्य नहीं किया गया, न तो बिजली के बिल जमा किए गए और न ही प्राप्त शिकायतों का समाधान हो पाया। इस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। लिपिक के निलंबन पर रोष प्रदर्शन सभी बिजली यूनिटों पर सुबह 9 बजे से एक बजे तक जारी रहा। यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने सभी कर्मचारियों का मंगलवार के रोष मार्च में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए धन्यवाद किया।

### नशामुक्त अभियान की ली शपथ

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। शपथ के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि हम एकजुट होकर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि न केवल अपने समुदाय, परिवार और मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त बनाएंगे, क्योंकि परिवर्तन भीतर से शुरू होता है। आओ, मिलकर अपने भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें।

### नारायणगढ़ में मंडल आयुक्त करेंगे ध्वजारोहण

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर अतिरिक्त अनाज मंडीमें 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल आयुक्त संजीव वर्मा प्रातः 8.58 बजे ध्वजारोहण करेंगे। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि समारोह में पुलिस बल एवं विभिन्न स्कूलों की एनसीसी टुकडिय़ों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट/परेड की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### एनसीसी कैडेट्स का किया चयन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुमित नवानी के दिशानिर्देशन में एनसीसी प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 के कैडेट्स का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया 1600 मीटर दौड़, पुश अप, चिन अप एवं स्टल से शुरू करके अंत में लिखित परीक्षा से समाप्त की गई। चयन प्रक्रिया में लगभग 50 से ज्यादा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया का आयोजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ सतीश कुमार की देखरेख में किया गया।

### ड्यूटी देने वाले शिक्षकों को नहीं मिला मानदेय

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सचिव मुकेश घारू ने बताया कि हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में अध्यापकों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई थीं। उन्हें अभी ने ईमानदारी और निष्ठा से पूरा किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बीत जाने के बाद भी जिले के अनेक अध्यापकों को उस चुनाव के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया जिससे शिक्षकों में निराशा का माहौल है।


### भाषण में रमन सदन की आशिमा ने मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के केंद्रीय विद्यालय नंबर-4 में बुधवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी । इसका विषय अजीनोमोटो के नुकसान विषय पर था । जिसमें सदन वार विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रत्येक सदन से दो प्रतिभागियों ने एक हिंदी और एक अंग्रेजी भाषा में अपनी भागीदारी दिखायी।दो प्रतिभागी विद्यालय समिति से शामिल हुए।रमन सदन से आशिमा प्रथम, अशोका सदन से आन्या द्वितीय, शिवाजी सदन से श्वेता तृतीय स्थान पर रहे । विद्यालय समिति कि और से प्रतिभागी इशिता प्रथम स्थान पर तथा पूरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रही । रोटरी कलब की और से आए डॉली चोपड़ा, चांद ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई ।

---

कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने भाजपा पर बोला हमला, विधायक निर्मल सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से किया अभिनंदन

# हमारा लक्ष्य केवल सत्ता नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन करना है: अग्रवाल



अंबाला। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल व विधायक निर्मल सिंह का अभिनंदन करते कार्यकर्ता।

- अंबाला की समस्याएं, महंगाई, टूटी सड़कों, जलभराव, प्रदूषण, बुनियादी ढांचे की कमी को लेकर आवाज़ बुलंद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर कांग्रेस के नव-नियुक्त अध्यक्ष पवन अग्रवाल का बुधवार को कैनाल रेस्ट हाउस में में विधायक निर्मल सिंह द्वारा उत्साहपूर्ण अभिनंदन किया गया। विधायक की उपस्थिति में नगर के वरिष्ठ कांग्रेसियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं, नारों और गर्मजोशी से परिपूर्ण आतिथ्य के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस की विचार धारा, जनसेवा और जनाधिकारों की रक्षा के संकल्प को एक स्वर में दोहराया गया। पूर्व मंत्री चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि यूपीए संयोजक सोनिया गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पवन अग्रवाल जैसे निष्ठावान, ईमानदार और कर्मठ कार्यकर्ता को अंबाला शहर का दायित्व सौंपना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है। उसके संघर्षों में सहभागी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जिनकी आत्मा जनसेवा में रची-बसी हो, जिनका चरित्र स्वच्छ और नीयत बेदाग हो, वही जन-आंदोलनों को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने भाजपा शासन पर तीखा प्रहार किया और कहा कि प्रदेश और नगर की जनता महंगाई, बेरोज़गारी,अव्यवस्थित विकास और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से त्रस्त है। पवन अग्रवाल के नेतृत्व में अंबाला शहर कांग्रेस इन सभी मुद्दों पर जन-जन की आवाज़ बनेगी। अधिकारों की लड़ाई को सड़कों पर उतरेगी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में पवन अग्रवाल ने कहा कि वे हर कांग्रेसी को साथ लेकर, सामूहिक विचार-विमर्श और पूर्ण एकजुटता के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि /"हमारा लक्ष्य केवल सत्ता नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन है। जनता के हक़, वोट की पवित्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे। जिस तरह राहुल गांधी और खड़गे भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध लड़ रहे हैं उसी संकल्प के साथ हम भी मैदान में उतरेंगे। अंबाला शहर कांग्रेस आमजन की समस्याओं महंगाई, टूटी सड़कों, जलभराव, प्रदूषण, बेरोज़गारी और बुनियादी ढांचे की कमी को लेकर लगातार आवाज़ बुलंद करेगी। हमारी लड़ाई जन-जन की लड़ाई है। इस जंग में कोई पीछे नहीं हटेगा।

---

लोगों ने घरों व दुकानदारों ने दुकानों की छतों से फूल बरसाए

# अंबाला छावनी में निकली तिरंगा यात्रा देशभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे लोग

- तिरंगा यात्रा में शामिल मंत्री अनिल विज भी देशभक्ति के गीतों की धुनों पर थिरके, तिरंगा फहराते हुए 'वंदे मातरम और माता की जय के नारे लगाए





अंबाला। तिरंगा यात्रा में शामिल मंत्री अनिल विज व सड़कों पर उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश भक्ति की भावना जब लोगों में पूरी तरह से हुंकार लेने लगे तो बड़े-बड़े देश के दुश्मन डरकर भाग जाते हैं। देश आजादी की वर्षगांठ मनाने जा रहा है। हमारी पार्टी ने सारे देश को तिरंगामय करने के लिए हर शहर व प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में अंबाला छावनी में निकाली तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे देश भक्ति की धुनों में जमकर झूमे। विज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अंबाला छावनी में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विज के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंबाला छावनी में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में मंत्री देश भक्ति के रंग में रंगे दिखे और हाथ में तिरंगा थाम देशभक्ति गीतों की धुनों पर वह थिरकते नजर आए। उन्होंने हाथ में तिरंगा फहराते हुए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाकर जोश का संचार किया।

अंबाला छावनी की अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान समूचा शहर तिरंगामय हुआ। लोगों में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और देशभक्ति गीतों की धुनों पर लोग जमकर झूमे। बाजारों में जगह-जगह तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ हुई जोकि रेलवे रोड, सदर बाजार, सब्जी मंडी, पुल चमेली, केसरा बाजार, कबाड़ी बाजार, राजकीय कालेज होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान अंबाला छावनी देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत नजर आई। यात्रा जहां से निकली वहां लोग देशभक्ति के गीतों पर नाचते-झूमते नजर आए। तिरंगा यात्रा के स्वागत में जगह-जगह फूल बरसाए गए। लोगों व दुकानदारों ने घरों व दुकानों की छतों से यात्रा पर फूलों की वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान मंत्री अनिल विज ने सभी का अभिवादन किया और लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी।

#### ये शामिल रहे

तिरंगा यात्रा के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री फणिद्रनाथ शर्मा, नगर परिषद प्रधान स्वर्ण कौर, उपप्रधान ललता प्रसाद के अलावा भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, आरती सहगल, सुरेंद्र बिंद्रा, अजय बवेजा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, मदनलाल शर्मा, रामबाबू यादव, भरत कोछड़, फकीरचंद सैनी, बिल्लू राणा, बलकेश वत्स, सुभाष शर्मा, रमेश सैनी, रणधीर सिंह, सुदर्शन सिंह सहगल, श्याम सुंदर अरोड़ा, बलित नागपाल मौजूद रहे।

---



### नशे के खिलाफ जागरुकता को लेकर एमडीएसडी कॉलेज में हुआ सेमिनार

**अंबाला।** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में बुधवार को उच्चत्तर शिक्षा विभाग के महानिदेशक के निर्देशानुसार नशा निषेध जागरूकता कार्यक्रम को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया । इसमें वक्ता के तौर पर प्रजापति ईश्वरीय स्कूल कंच घर से ब्रह्म कुमार राकेश कुमार, ब्रह्माकुमारी दीदी मीरा, बीके कुमारी नेहा व कुमार मुकुल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि नशा किसी भी तरह का हो उसकी अति हमारे लिए नुकसानदायक होती है । उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि बीडी ,सिगरेट ,पान ,तंबाकू का ही नशा होता है । नशा खाने,पीने, देखने का भी नशा होता है। युवा वर्ग मोबाइल के नशे की गर्त में धंसता जा रहा है ।



### 60 छात्राओं को बांटी गई हाईजीन किट

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की वुमैन सैल एवं आश्रय एनजीओ की ओर से महाविद्यालय की छात्राओं को हाईजीन किट वितरित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता का बड़ा ही महत्त्व है और हमें हाईजीनिक अवेयरनेस को अपनी आदतों में शामिल करना होगा। सैल की अध्यक्षा प्रो. शिवानी डावर ने बताया कि आश्रय एनजीओ की ओर से ये हाईजीन किट वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को अपने पोषण और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। 60 के क्रीब किट्स कॉलेज की छात्राओ को बांटी गई ।

---

गवर्नमेंट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

### इतिहासकारों ने इतिहास लेखन में पंजाब के साथ नहीं किया न्याय, मूल भावना को छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्राचार्य सेमिनार के प्रतिभागियों को प्रमाण देकर सम्मानित करते हुए।

पाक के मुल्तान स्थित बहुद्दीन जकारिया विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर डॉ. तुरब उल हसन सरगना ने कहा कि 1857 के जन आंदोलन के इतिहास लेखन में पंजाब के साथ न्याय नहीं हुआ है। भारत व पाकिस्तान के इतिहासकारों ने पंजाब के क्षेत्रीय इतिहास को गोण कर इतिहास लिखा है। इसकी मूल भावनाओं को छोड़ दिया है। इस आंदोलन की असफलता के लिए इतिहासकारों ने पंजाब को दोषी माना है जो तर्क संगत नहीं है। यदि देखा जाए तो अंग्रेजों की पेंशन स्वीकार कर बहादुरशाह जफर ने इस आंदोलन की नींव ही कमजोर कर दी थी। डॉ. सरगना छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एकादमिक डिवलपमेंट रिसर्च सैल एवं इतिहास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार व प्रदर्शनी के दूसरे दिन ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। डॉ. सरगना ने कहा कि पंजाब के इतिहास को जानने के लिए बहुआयामी तरीके से सोचना पड़ता है। इतिहास गवाह है कि पंजाब ने जिस आक्रमणकारी को आगे बढ़ने से रोका तो वो रुका और यदि पंजाब असफल रहा तो फिर आक्रमणकारी दिल्ली तक पहुंचे।

---

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर हुई फुलड्रेस रिहर्सल, डीसी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

### चल मेले नू चलिए पंजाबी गीत पर छात्रों का धमाल





अंबाला। फाइनल रिहर्सल में परेड की सलामी लेते डीसी व मलखम की प्रस्तुति देते छात्र। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बुधवार को अंबाला शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड फाइनल रिहर्सल हुई। इसमें उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। साथ ही पुलिस टुकडिय़ों की सलामी ली। इससे पहले उपायुक्त ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित शहीद स्मारक में जाकर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। 15 अगस्त को पुलिस लाइन मैदान में भव्य ढंग से मनाया जाएगा। इस समारोह में महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। रिहर्सल के दौरान देव गुरुकुल दिनारपुर के विद्यार्थियों द्वारा मलखम एवं सूर्य नमस्कार की भी प्रस्तुति दी गई। फाइनल रिहर्सल के दौरान पुलिस के जवानों द्वारा आर्म्स ड्रिल व मास पीटी शो तथा योगा की बेहतर प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो की भी प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कालेज (पीजी) अंबाला छावनी के विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी डांस (चल मेले नू चलिए), पीकेआर जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप सोंग (हम करें राष्ट्र आराधना), एमएम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी डांस (आओ जी पधारो म्हारे देस), चमन वाटिका गुरूकुल के विद्यार्थियों द्वारा बेंगोली डांस (फागुनेरो मोहन आए), पीकेआर जैन वाटिका सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा क्लासिकल डांस (ऐ वतन आबाद रहे तू) तथा एसवीएस बाल भारती के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा (सब देखण खडके जद मुंडे कुडियां ने भांगड़ा पाया) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति दी।

---



### बराड़ा: नशा व तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में नशा एवं तंबाकू नियंत्रण सेल के तत्वावधान में बुधवार को नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष जागरूकता व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया और नशा एवं तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नशा एवं तंबाकू नियंत्रण सेल के समन्वयक डॉ. अशुतोष शर्मा और सदस्य जय भगवान ने किया।

### 18 को अभय चौटाला कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

**अंबाला।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला एवं प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा अंबाला शहर एवं अंबाला छावनी के पार्टी कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक में भाग लेने हेतू 18 अगस्त को दोपहर बाद 03.30 बजे पंचायत भवन में पधारेंगे। इस संदर्भ में इनेलो के हल्का अध्यक्ष चरणजीत मोहड़ी के निवास स्थान पर पार्टी नेताओं की अहम बैठक हुई।

---



### वॉलीबाल प्रतियोगिता में अंडर-19 व 14 का खिताब शैमफोर्ड स्कूल की टीम ने जीता

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के खिलाड़ियों ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा एमएम इंटरनेशनल स्कूल मुलाना में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण व रजत पदक जीते। स्कूल ने अंडर-19 बॉयज़ वॉलीबाल, अंडर-14 बॉयज़ वॉलीबाल, अंडर-14 गर्ल्स खो-खो और अंडर-17 गर्ल्स खो-खो में स्वर्ण पदक हासिल किए। अंडर-19 बॉयज़ फ़ुटबॉल और अंडर-17 बॉयज़ कबड्डी में रजत पदक जीते, जबकि अंडर-19 गर्ल्स एथलेटिक्स में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इन उपलब्धियों के दम पर स्कूल के 43 खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी। प्राचार्या रूबी शर्मा ने कहा कि यह सफलता मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का परिणाम है और विश्वास व्यक्त किया कि खिलाड़ी जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

---

सम्मान | अब पांच एकड़ पंचायती जमीन से हस्तकला के लिए मिट्टी उठाने का मिला अधिकार

# 40 पंचायतों के 855 प्रजापति परिवारों को मिला अधिकार प्रमाण पत्र



अंबाला। प्रजापति समाज के लोगों को सौंपे गए प्रमाण पत्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान एंव कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा कुम्हार/प्रजापति समाज के गांव के लोग जो मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य करते हैं उनकी मिट्टी की आवश्यकता के मद्देनजर उन्हें 5 एकड़ पंचायत की भूमि में से मिट्टी उठाने का अधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। उपायुक्त कृषि सदन में आयोजित जिला स्तरीय कुम्हार/प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर सीईओ जिला परिषद् गगनदीप व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। उपायुक्त इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुम्हार समाज के उत्थान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने बताया कि कुम्हार समाज परिवार अधिकार प्रमाण पत्र समारोह के दृष्टिगत फेज प्रथम में अंबाला में 40 ग्राम पंचायतों में 855 कुम्हार जाति के लोगों को अधिकार प्रमाण पत्र आवंटित किए गए।

इसके अतिरिक्त 129 गांवों की सूची और प्राप्त हुई हैं जिसमें 1574 नाम और शामिल हैं। इसके वेरीफिकेशन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने लाभार्थियों को कहा कि हर्ष का दिन है कि कुम्हार समाज के लोगों को जो अधिकार प्रमाण पत्र मिले हैं। उससे निसंदेह जहां उनका आत्मविश्वास बढेगा। उनको व्यवसायिक लाभ भी मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुम्हार समुदाय का सीधा संबध ग्रामीण क्षेत्र से होता है। यह सदियों से चला आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार करते हैं जिसमें घड़ा, सुराई व अन्य शामिल बर्तन शामिल होते हैं। यह चीजें हमें आसानी से अच्छी गुणवत्ता की मिल जाती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005